**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 अगस्त 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पीएम नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि।**

- **चुनाव आयोग ने आज हरियाणा और जम्मू कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। हरियाणा में एक अक्टूबर को एक ही चरण में सभी 90 सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे। दोनों राज्यों में वोटों की गिनती 4 अक्टूबर 2024 को की जायेगी।**

- **प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हरियाणा में आज एक साथ लगाए 51 लाख पौधे लगाए गए**

- **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप 56 और 57 के पदों के लिए लिखित परीक्षा आज व कल होगी, 4 जिलों में 42 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

*****************************************************************************

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दे रहा है। नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित अटल बिहारी वाजपेई की समाधि पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधान मंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए याद किया जाता है। उन्होंने नागरिकों का जीवन बेहतर बनाने में वाजपेयी की भूमिका का उल्लेख किया।

*****************************************************************************

चुनाव आयोग ने आज हरियाणा और जम्मू कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। हरियाणा में एक अक्टूबर को एक ही चरण में सभी 90 सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे। दोनों राज्यों में वोटों की गिनती 4 अक्टूबर 2024 को की जायेगी। नामांकन की प्रक्रिया 5 सितंबर से शुरू होकर 12 सितंबर तक चलेगी। 27 अगस्त तक लोग मतदान के लिए अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि राज्य में कुल दो करोड़, 1 लाख पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 95 लाख महिला मतदाता भी शामिल हैं। विधानसभा चुनाव के लिए 20 हजार, 629 मतदाता केंद्र बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में 100 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या दस हजार, 321 है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि देश में हरियाणा में पहली बार फरीदाबाद, गुड़गांव और सोनीपत में बहु मंजिला सोसायटी में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को घर से वोट करने की सुविधा मिलेगी। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता घर जाकर

मतदाताओं को वोट दिलाने में मदद कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता केंद्रों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। लोग आगे बढ़कर मतदान करें। चुनाव आयुक्त ने कहा कि आयोग निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए चुनाव अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। किसी भी कोताही को आयोग गंभीरता से लेगा और कड़ी कारवाई करेगा।मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव करवाएं जाएंगे। 18, 25 सितंबर तथा एक अक्तूबर को मतदान किया जाएगा और मतगणना चार अक्तूबर को होगी। धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में 2019 के बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

**********************************************************************

आकाशवाणी के प्रति घंटा समाचार बुलेटिनों के प्रसारण क्रम को संशोधित किया गया है, जो 18 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा। पहले हिंदी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे, उसके बाद 5 मिनट के अंग्रेजी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे।18 अगस्त से पहले हिंदी बुलेटिन प्रति घंटा प्रसारित होगा, उसके तुरंत बाद अंग्रेजी बुलेटिन प्रसारित किया जाएगा।

**************************************************************************

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी अभियान को गति देते हुए हरियाणा में आज एक साथ राज्यस्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 51 लाख पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम हर जिलों में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री आज कैथल में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में पेड़-पौधे व फसलें लहलहाती हैं। सब जगह हरियाली ही नजर आती है। वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान करनाल में 20 हजार पौधे एक साथ लगाए गए थे। पूरे प्रदेश में 1 करोड़ 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी परवरिश भी करनी जरूरी है। इससे वातावरण स्वच्छ और वायु शुद्ध होती है। स्वच्छ पर्यावरण से व्यक्ति का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जब ऑक्सीजन की कमी महसूस की गई थी, उस समय"ऑक्सी-वन" लगाने की शुरुआत की थी। इसी के तहत करनाल में "ऑक्सी-वन" लगाया गया है, जिसका लोगों को फायदा मिल रहा है।उन्होंने कहा कि वनस्पति हमारे जीवन का आधार है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में घर के आंगन में, पार्क में, खेत में व सार्वजनिक स्थल पर पेड़ जरूर लगाना चाहिए और प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपना योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर जननी मां को जितना सम्मान दिया है, उतना ही सम्मान हमने पालन-पोषण करने वाली धरती मां को भी पेड़ लगाकर देना चाहिए। इस मौके पर पर्यावरण, वन व वन्य जीव राज्य मंत्री श्री संजय सिंह ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज कुरुक्षेत्र की पावन धरा की 40 कोस की परिधि में आने वाले कैथल से प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के राज्य स्तरीय समारोह की शुरुआत की गई है और 51 लाख पौधे आज पूरे प्रदेश में एक साथ लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस अभियान के माध्यम से मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का संदेश पूरे देश-दुनिया के लोगों को दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जिस पारदर्शी तरीके से पूरे प्रदेश में एक समान विकास करवाया है, उससे विपक्ष बौखलाया हुआ है।**

**************************************************************************

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप-56 और 57 के पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 17 व 18 अगस्त को पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व करनाल जिलों में किया जा रहा है। 17 अगस्त को ग्रुप-56 के लिए कुल 48 परीक्षा केंद्र तथा ग्रुप-57 के लिए 18 अगस्त को 98 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग द्वाराइन सभी जिलों के पुलिस व जिला प्रशासन के नोडल अधिकारियों की बैठक मुख्यालय, पंचकूला में की जा चुकी है। इसके अलावा आयोग के सदस्यों ने भी जिला मुख्यालयों पर उपायुक्त की अध्यक्षता में परीक्षा संचालन के लिए नामित जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अध्यक्ष व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने बताया कि आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले में 68 परीक्षा केंद्र, करनाल जिले में 60 परीक्षा केंद्र, पंचकूला जिले में 10 परीक्षा केंद्र और यमुनानगर जिले में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।उन्होंने बताया किअभियर्थियों कि सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों तक लेने जाने के लिए हरियाणा परिवहन कि बसों पर निशुल्क यात्रा कि सुविधा होगी**

**************************************************************************

70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। गैर-फीचर फिल्म श्रेणी में आइना ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है। फीचर फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार गुलमोहर को मिला है। ऋषभ शेट्टी ने कन्नड़ फिल्म कंतारा में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। हरियाणवी फिल्म फौजा को गैर फीचर फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार मिला है। अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्वगायक का पुरस्कार मिला है।